भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5565

(जिसका उत्तर शुक्रवार, 07 अप्रैल, 2017/17 चैत्र, 1939 (शक) को दिया गया)

कंपनियों का मूल्य निर्धारण

5565. श्री पी.आर. सेनथिलनाथनः
श्री पी.आर. सुन्दरमः

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने कतिपय कंपनियों विशेषकर आईटी और आईटीईएस कंपनियों द्वार झूठे आंकड़े और दस्तावेजों का प्रयोग करके उनकी कंपनियों का अधिमूल्यन करने में की गई धोखाधड़ियों को गंभीरता से लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त अवैध कार्यों के लिए कितनी कंपनियों को पकड़ा गया है;

(ग) क्या सरकार के पास आईटी कंपनियों द्वारा परियोजनाओं, आदेशों और संव्यवहारों को वास्तविक रूप से किए जाने का पता लगाने के लिए कोई नियंत्रण एवं निगरानी प्रणाली है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल)

(क): पिछले तीन वर्षों के दौरान केन्द्र सरकार के ध्यान में ऐसा कोई मामला नहीं आया है।

(ख) से (घ): उपर्युक्त (क) के उत्तर को देखते हुए लागू नहीं होता।

*****